# NYC Care के साथ स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने में अपने कर्मचारियों की सहायता करें।

NYC में, हम मानते हैं कि आप्रवासन की स्थिति और भुगतान करने की क्षमता पर आधारित **कोई भेद न करते हुए हर न्यूयॉर्क वासी को प्राथमिक, निवारक और विशेष स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने का अधिकार है**। एक नियोक्ता के रूप में, अपने कर्मचारियों को स्वस्थ और सुरक्षित रहने में मदद करने के लिए आपकी भागीदारी महत्वपूर्ण है।

व्यापक, गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराना शहर की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली NYC Health + Hospitals के लिए हमेशा ही महत्वपूर्ण रहा है। हालांकि COVID-19 ने सभी न्यूयॉर्क वासियों को प्रभावित किया है लेकिन उसका अधिक प्रभाव उन लोगों पर पड़ा है जिनके पास उत्तम स्वास्थ्य सेवा तक पहुँचने का कोई जरिया नहीं है। इस महामारी की चुनौतियों का सामना करते समय NYC Health + Hospitals द्वारा चलाया जानेवाला स्वास्थ्य कार्यक्रम NYC Care इस अंतर को पाटने की कोशिश को जारी रखेगा ताकि सारे NYC समुदाय स्वस्थ रहें। **आपके जिन कर्मचारियों के पास बीमा नहीं है उन्हें आज ही NYC Care की सदस्यता के बारे में बताएं और किफायती तौर पर स्वास्थ्य देखभाल पाने में उनकी मदद करें।**

वे न्यू यॉर्क निवासी जो स्वास्थ्य बीमा के लिए पात्र नहीं हैं या उसे पाने में सक्षम नहीं है, उनके लिए **NYC Care** बहुत कम कीमत या मुफ्त में स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं का आश्वासन देता है।

### आपको NYC CARE के बारे में परवाह क्यों करनी चाहिए?

**C** आप अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य की **चिंता (care)** करते हैं। वे आपके व्यवसाय को चलाने में मदद करते हैं, वे आपकी सफलता का हिस्सा होते हैं, और आप चाहते हैं कि वे स्वस्थ रहें।

**A** अगर आपके कर्मचारियों को स्वास्थ्य जांच और टीके जैसी नियमित और निवारक देखभाल मिलती है तो दफ्तर में उनकी **अनुपस्थिति (absences)** कम होगी।

**R** आपके कर्मचारी आपके साथ **लंबी अवधि के लिए काम (retain)** करेंगे जब वे जानेंगे कि आप उनके और उनके प्रियजनों के स्वास्थ्य की परवाह करते हैं।

**E** आप अपने कर्मचारियों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए मदद करके उनकी **कार्यक्षमता (efficiency)** और उत्पादिता बढ़ाएंगे।

NYC HEALTH+ HOSPITALS | NYC CARE

## अपने कर्मचारियों के साथ NYC Care के बारे में बातचीत की शुरूआत

आपकी मदद के लिए एक छोटी स्क्रिप्ट दी गई है, जिसमें कार्यक्रम के बारे में सामान्य प्रश्न भी शामिल हैं।

- आपका स्वास्थ्य हमारे लिए महत्वपूर्ण है।
- यदि आप बीमार हैं, तो कृपया घर पर रहें और अपना ध्यान रखें।
- मैं आपके साथ **NYC Care** के बारे में भी जानकारी साझा करना चाहता हूं। वे न्यू यॉर्क निवासी जो स्वास्थ्य बीमा के लिए पात्र नहीं हैं या उसे पाने में सक्षम नहीं है, उन लोगों तक यह कार्यक्रम बहुत कम कीमत में या मुफ्त में स्वास्थ्य देखभाल पहुँचाता है।
- इस कार्यक्रम के सदस्य बनने के बाद, आप:
  - दो सप्ताह या उससे कम समय की अवधि में प्राथमिक देखभाल प्रदाता के साथ अपनी पहली अपॉइंटमेंट प्राप्त कर सकते हैं।
  - प्राथमिक देखभाल टीम से सहायता प्राप्त करें, जिसमें नर्स, मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर, चिकित्सा सहायक, सामाजिक कार्यकर्ता, फार्मासिस्ट, और पोषण विशेषज्ञ शामिल हैं।
  - जब आपको सहायता की आवश्यकता हो, हमारे NYC Care कॉल सेंटर से संपर्क करें, जो 24/7 उपलब्ध है।
  - आवश्यकता पड़ने पर कम कीमत वाली निर्धारित दवाईयाँ और रिफिल रातों-रात 24/7 पाएं।

### प्रश्न: मैं NYC CARE का उपयोग कहाँ कर सकता हूँ?

उत्तर: NYC Care आज की तारीख में सदस्यों को NYC Health + Hospitals के केंद्रों में प्रदाताओं और सेवाओं का नेटवर्क प्रदान करता है। NYC Health + Hospitals केंद्रों की सूची के लिए, NYC Care कॉन्टैक्ट सेंटर से **1-646-NYC-CARE (1-646-692-2273)** पर कॉल करें या **nyccare.nyc** को भेंट दें।

### प्रश्न: क्या मैं NYC Care के लिए पात्र हूँ?

उत्तर: आप पात्र हैं या नहीं यह जानने के लिए, आज ही **1-646-NYC-CARE (1-646-692-2273)** पर कॉल करें।

### प्रश्न: मुझे सेवाओं के लिए कितना भुगतान देना होगा?

उत्तर: इसमें शामिल होने के लिए कोई खर्च नहीं है, कोई प्रीमियम नहीं है और न ही कोई मासिक शुल्क है। स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने का शुल्क आपके परिवार के आकार और आय पर आधारित है, जो $0 से शुरू होता है। अधिक जानकारी के लिए, फी स्केल टेबल देखने के लिए कृपया **nyccare.nyc** पर जाएँ।

### प्रश्न: क्या NYC Care स्वास्थ्य बीमा है?

उत्तर: NYC Care एक स्वास्थ्य देखभाल पहुँच कार्यक्रम है जो शहर भर के NYC Health + Hospitals केंद्रों में प्रदाताओं और सेवाओं का एक नेटवर्क प्रदान करता है। स्वास्थ्य बीमा के विपरीत, इसमें शामिल होने के लिए कोई शुल्क नहीं है, कोई प्रीमियम नहीं है और न ही कोई मासिक शुल्क है।

### प्रश्न: मैं स्वास्थ्य बीमा करा चुका हूँ। क्या मुझे उसे छोड़कर NYC Care की सदस्यता लेनी चाहिए?

उत्तर: यदि आपका अभी कोई स्वास्थ्य बीमा है, तो उसे न छोड़ें। वे लोग जो अपने नियोक्ता के माध्यम से, बाज़ार के माध्यम से, या Medicaid के माध्यम से बीमा के लिए पात्र हैं, उन्हें उस कार्यक्रम में नामांकन करवाना चाहिए जिसके लिए वे पात्र हैं।

### प्रश्न: मैं अधिक जानकारी कैसे प्राप्त कर सकता हूँ या NYC Care का सदस्य कैसे बन सकता हूँ?

उत्तर: **1-646-NYC-CARE (1-646-692-2273)** पर कॉल करें। वे आपकी भाषा बोलते हैं! आगे का कार्य और नामांकन के सहयोग के लिए NYC Care ने सामुदायिक संगठनों के साथ भागीदारी भी की है। अधिक जानकारी के लिए और समुदाय के भागीदारों की वर्तमान सूची देखने के लिए आप **nyccare.nyc** को भेंट दे सकते हैं।

### प्रश्न: मुझे पर्चे कहाँ से मिल सकते हैं?

उत्तर: 14 भाषाओं में सामग्री डाउनलोड करने के लिए कृपया **nyccare.nyc/resources** पर जाएं।